# गर्मी के तीखे तेवर, 44 .3 डिग्री पर पहुंचा पारा

▶ मंगलवार को 45 डिग्री से ज्यादा रहने की संभावना

नव भारत न्यूज

**इंदौर. गर्मी ने फिर तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया है. इस साल सोमवार को गर्मी का सबसे ज्यादा गर्म दिन रहा और पारा 44.3 डिग्री पहुंच गया. मंगलवार को पारा 45 डिग्री तक पहुंच सकता है. शहर में लू चलने की संभावना है. आम तौर पर पारा 45 डिग्री या उससे अधिक दर्ज होता है तो हीट वेव मानी जाती है.**







सोमवार को इंदौर में इस साल का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया. शहर में कल 44.3 डिग्री सेल्सियस तापमान था , जो सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा है. इतना ही नहीं रात का तापमान भी दो दिन के बाद 29 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है. कल शहर में 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चल रही थी, जो देर रात तक गर्मी का एहसास करा रही है. मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि अभी गर्मी तो रहेगी. इंदौर में आज तापमान 45 डिग्री को छू सकता है और आने वाले दिनों में 47 से 48 डिग्री तक जा सकता है. शुक्ला ने बताया कि आज इस साल की गर्मी का सबसे गर्म दिन रहा है और पूरे प्रदेश में गर्मी और सिर्फ गर्मी है. उन्होंने कहा कि अभी गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है. बस इतना है कि पारा कम ज्यादा होता रहेगा. कभी 42 तो कभी 43 या एकदम से 47 डिग्री पर पहुंच गया. यह चलता रहेगा.



# पेट्रोल-डीजल बचाने वर्चुअल बैठक की शुरुआत

▶ कलेक्टर कार्यालय में हुई टीएल बैठक

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सोमवार से कलेक्टर कार्यालय में होने वाली टीएल बैठक अब वर्चुअल होगी. इसका कारण यह है कि सभा तहसीलों के एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य विभागों के अधिकारी बैठक में भाग लेने दूर से और शहर के अलग अलग कोने से आते हैं. साथ ही कलेक्टर कार्यालय आने और फिर जाने में सरकारी गाड़ियों में बहुत डीजल पेट्रोल लगता है. पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा देश में पेट्रोल डीजल बचाने की अपील की गई थी. उपरोक्त अपील के परिपालन में आज से कलेक्टर ने टीएल बैठक वर्चुअल करने के शुरुआत कर दी है. इसी क्रम में आज सोमवार को होने वाली समय-सीमा पत्रों के निराकरण संबंधी टीएल बैठक वर्चुअल रूप से आयोजित की गई. बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में अधिकारी कलेक्टर कार्यालय शामिल होने आते हैं.

कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज से कार्यालय स्थित विभागों के अधिकारियों को छोड़कर अन्य विभागों के अधिकारियों को ऑनलाइन बैठक में भाग लेने के निर्देश दिए हैं. उक्त निर्देश के पीछे कलेक्टर का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पेट्रोल डीजल गाडियां में ईधन की बचत करना है,

एक नजर में

## समाजसेवी रमेश दोशी को सहयोग राशि देकर किया सम्मानित



इंदौर . विगत दो दशकों से प्रतिदिन 5 घंटे कैंसर पीड़ितो की सेवा कर रहे 83 वर्षीय वरिष्ठ समाजसेवी रमेश दोशी को कैंसर पीड़ित सेवा संस्था व सुभाष चौक मित्र मंडल ने सहयोग राशि भेंट कर सम्मान किया . इस धनराशि का उपयोग कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे पीड़ितों की दवाई एवं उनके परिजनों को आने- जाने में लगने वाला खर्च, बच्चों की पढ़ाई एव राशन खर्च में होगा . जो कैंसर पीड़ित मरीज हास्पिटल नहीं आ सकते उनकी घर जाकर दवा वितरण का कार्य कर रहे है, ऐसे सेवाभावी रमेश दोषी का सम्मान राजेश जैन युवा के नेतृत्व में किया गया व आवश्यक दवा का वितरण किया . यह जानकारी देते हुए सुभाष मित्र मंडल के प्रमुख योगेंद्र सांड ने बताया कि जो कैंसर मरीज हॉस्पिटल में आने में सक्षम नहीं है, ऐसे मरीजो को घर बैठे आवश्यक् दवाईया उपलब्ध कराने का कार्य समाजसेवी रमेश दोषी नि :स्वार्थ भाव से कर रहे हैं . इस अवसर पर दिलीप वोरा .अनिल जैन .रमेश चौकसे,विजय जैन . अशोक पाटनी विशेष रूप से उपस्थित थे . उन्होंने बताया कि उक्त हॉस्पिटल में प्रदेश भर से रोजाना 150 के लगभग ऐसे मरीज उपचार के लिए आते है जिनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बड़ी दयनीय होती है . यहाँ तक कि उनके पास न पैसे होते है और ना अन्य साधन ।ऐसे पीड़ितों की सेवा में लीन है रमेश दोशी .

## पांच सुपरफूड्स से अपने ह्रदय को रखें मजबूत

इंदौर . आज की तेज़-रफ्तार जिंदगी में ख़राब जीवनशैली के कारण उच्च कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर और अन्य ह्रदय संबंधी समस्याएँ आम होती जा रही हैं . ह्रदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने की शुरुआत सही पोषण से होती है, और बादाम, फैटी फिश, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, दालें तथा फल जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करना महत्वपूर्ण अंतर ला सकता है . मैक्स हेल्थकेयर में रीजनल हेड डायटेटिक्स, रितिका समद्दर ने बताया रोज़ाना की डाइट में एक मुट्ठी बादाम शामिल करना एक अच्छी शुरुआत हो सकती है . कैलिफोर्निया बादाम का सेवन कुल और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकता है . आहार में फैटी फिश को शामिल करना ह्रदय स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है, क्योंकि इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं . हरी पत्तेदार सब्जियाँ विटामिन, मिनरल्स, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं, जो ह्रदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं . दालें और फलियाँ ह्रदय के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती हैं . ताजे फल ह्रदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का एक प्राकृतिक और प्रभावी तरीका हैं .

## आईडीएफसी ने लॉन्च किया मल्टीप्लायर क्रेडिट कार्ड

इंदौर . आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने फाउंडर्स, आंत्रप्रेन्योर्स और बिज़नेस ऑनर्स के लिए एफडी-समर्थित बिज़नेस मल्टीप्लायर मेटल क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है . इस प्रीमियम मेटल कार्ड को बिज़नेस संबंधी हर दिन की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है . इस पर बिज़नेस और कार्डहोल्डर दोनों के नाम प्रदर्शित होते हैं, जिससे बिज़नेस में इसके उपयोग को और भी अधिक मजबूती मिलती है . बिज़नेस खर्चों के लिए अलग क्रेडिट लिमिट के साथ यह कार्ड बिज़नेस और पर्सनल खर्चों को अलग-अलग रखने में मदद करता है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए शिरीष भंडारी, हेड- कार्ड्स, पेमेंट्स और लॉयल्टी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा एफडी-समर्थित बिज़नेस मल्टीप्लायर मेटल क्रेडिट कार्ड एक ऐसा विकल्प प्रदान करता है, जिसे खासतौर पर बिज़नेस संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है ।इसमें वर्किंग कैपिटल के लिए सुदृढ़ सुविधा, ग्लोबल पेमेंट्स पर जीरो फॉरेक्स मार्कअप, बिज़नेस के हर दिन के खर्चों पर रिवॉर्ड्स और बिज़नेस के विस्तार के साथ एक प्रीमियम मेटल कार्ड का भरोसा मिलता है .

## डिश टीवी ने 'वीजेडवाई एंटरटेनमेंट इकोसिस्टम' लॉन्च किया

इंदौर . लोग अब मनोरंजन के लिए कई अलग-अलग ऐप्स, डिवाइस और स्क्रीन का इस्तेमाल कर रहे हैं . ऐसे में, दर्शक एक आसान और एकीकृत प्लेटफॉर्म चाहते हैं, जहाँ उन्हें सारा मनोरंजन एक ही जगह पर मिल सके . इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, डिश टीवी ने आज वीजेडवाई लॉन्च किया है . यह भारत का पहला ऐसा एकीकृत मनोरंजन प्लेटफॉर्म है, जो स्ट्रीमिंग ऐप्स, लाइव टीवी और पे-पर-व्यू प्रीमियम कंटेंट को एक साथ जोड़कर एक ही जगह पर उपलब्ध कराता है . लॉन्च के मौके पर डिश टूवी के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, मनोज डोभाल ने कहा भारत के दर्शक अब ऐसा मनोरंजन अनुभव चाहते हैं, जो बिना किसी परेशानी के आसानी से काम करे . वीजेडवाई को इसी सोच के साथ बनाया गया है . हमने एक स्मार्ट स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की ताकत को प्रीमियम स्मार्ट टीवी इकोसिस्टम के साथ जोड़ा है, ताकि भारतीय बाजार को ऐसा कनेक्टेड एंटरटेनमेंट अनुभव दिया जा सके, जो आपके मोबाइल से लेकर आपके लिविंग रूम के टीवी तक बिना रुकावट के चलता रहे .

## डॉ . महाजन को सीएसआर पर्सन ऑफ द ईयर सम्मान



इंदौर . डॉ . ऐश्वर्य महाजन, मैनेजिंग ट्रस्टी एवं प्रेसीडेंट, एम3एम फाउण्डेशन, को इंडिया सीएसआर नेटवर्क द्वारा आयोजित 18वें इंडिया सीएसआर लीडर शिप समिट 2026 में 2026 सीएसआर पर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित कया गया . यह समिट रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भिलाई में आयोजित हुई . यह सम्मान डॉ. महाजन के उस दूरदर्शी नेतृत्व को मान्यता देता है, जिसके माध्यम से उन्होंने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को समावेशी विकास और सतत परिवर्तन के एक सशक्त माध्यम के रूप स्थापित कया है. इस समिट मं उद्योग, शिक्षा जगत, शासन व्यवस्था और विकास क्षेत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लया ।

## एमेजॉन नाउ ऑपरेशंस के लिए 1,000 इलेक्ट्रिक ट्रक तैनात होंगे

इंदौर . एमेज़ॉन इंडिया ने देश में एमेज़ॉन नाउ के ऑपरेशंस को सपोर्ट करने के लिए लगभग 1,000 इलेक्ट्रिक ट्रक तैनात करने की घोषणा की . ये ट्रक वी .ई कमर्शियल वैहिकल्स (वीईसीवी) के बिज़नेस डिवीज़न, आयशर ट्रक्स एंड बसेज़ के सहयोग से बनाए जाएंगे . यह ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी समर्पित इलेक्ट्रिक फ्लीट्स में से एक होगी, जो ज्यादा सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क स्थापित करने के एमेज़ॉन के प्रयासों को मजबूत बनाएगी . अभिनव सिंह, वी .पी ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया एवं ऑस्ट्रेलिया ने कहा हमने हमेशा से अपने ऑपरेशंस को ज्यादा सस्टेनेबल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है . इसलिए हम लगातार इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ा रहे हैं और भारत में 12,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वैहिकल तैनात कर चुके हैं . हम विभिन्न ओ .ई .एम पार्टनर्स की मदद से अपनी जरूरतों के लिए अनुकूलित समाधानों का निर्माण कर रहे हैं . हम जैसे-जैसे विकास कर रहे हैं अपने ऑपरेशंस में इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन का भी विस्तार करते जा रहे हैं .

# फिर टली एयर इंडिया एक्सप्रेस की इंदौर-शारजाह उड़ान

▶ जून की सभी बुकिंग हटाईं

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** इंदौर से शारजाह जाने वाले यात्रियों को एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एक बार फिर झटका दिया है. कंपनी ने जून 2026 में प्रस्तावित सभी उड़ानों को अपने ऑनलाइन सिस्टम से हटा दिया है. अब वेबसाइट पर 1 जुलाई 2026 से बुकिंग दिखाई जा रही है, लेकिन लगातार बदलते शेड्यूल के कारण यात्रियों और ट्रैवल एजेंट्स में उड़ान शुरू होने को लेकर भरोसा कम होता जा रहा है.

इंदौर-शारजाह फ्लाइट का संचालन 28 फरवरी 2026 से बंद पड़ा है. एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण हालात और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देते हुए उड़ान सेवा स्थगित की थी. इसके बाद कंपनी ने कई बार अलग-अलग तारीखों से सेवा दोबारा शुरू करने की घोषणा की और टिकट बुकिंग भी खोली, लेकिन हर बार अंतिम समय में संचालन टाल दिया गया. हाल ही में एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 1 जून से उड़ान शुरू करने का नया शेड्यूल जारी किया था. इसके अनुसार सप्ताह में चार दिन—रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार- इंदौर से शारजाह के लिए फ्लाइट संचालित होना थी. यात्रियों ने टिकट बुकिंग भी शुरू कर दी थी, लेकिन अब कंपनी ने पूरे जून महीने की उड़ानों को ही सिस्टम से हटा दिया है. लगातार हो रहे बदलावों से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है. पहले भी कई यात्रियों को टिकट रिफंड और री-शेड्यूलिंग की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था. यही वजह है कि अब अधिकांश यात्री तब तक टिकट बुक करने से बच रहे हैं, जब तक फ्लाइट का संचालन वास्तव में शुरू नहीं हो जाता.

**जुलाई से दिख रही बुकिंग-** फिलहाल एयर इंडिया एक्सप्रेस की वेबसाइट पर 1 जुलाई से उड़ान की बुकिंग दिखाई दे रही है, लेकिन पिछले अनुभवों को देखते हुए यात्रियों के बीच अब भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

# जल संकट को लेकर जनता उतरी सड़कों पर

▶ गौरीनगर और खातीपुरा रहवासियों ने किया चक्काजाम

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के हर कोने से पानी नहीं मिलने की आवाज सुनाई दे रही है. अब जनता पानी नहीं मिलने को लेकर सड़कों पर उतर आई है, बल्कि धूप में चक्काजाम कर प्रदर्शन करने पर मजबूर हो गई है. उधर, भाजपा के विधायक ने भी कहा कि स्थिति विस्फोटक हो चुकी है और शहर संभाले नहीं संभालेगा.**



शहर में पानी का संकट बहुत ज्यादा बढ़ गया है. जनता को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है. इसको लेकर आज गौरीनगर और खातीपुरा रहवासियों ने पार्षद राजू भदौरिया और यशस्वी पटेल के साथ सड़क पद चक्काजाम किया. इस दौरान रहवासी कढ़ी धूप में सड़कों पर बैठ गए और पानी देने की मांग करने लगे. करीब दो घंटे से ज्यादा रहवासियों ने पानी को लेकर प्रदर्शन किया. रहवासियों के साथ प्रदशन में पार्षद यशस्वी पटेल और राजू भदौरिया ने नगर निगम जल वितरण व्यवस्था के तहत टंकियां पूरी नहीं भरने, टैंकरों की कमी और नई टंकियों को पूरी क्षमता भरने के बजाय आधी या 3 मीटर तक ही भरने का आरोप लगाया. वहीं रहवासियों ने कहा कि पानी नहीं मिल रहा है और टैंकरों से पानी की पूर्ति नहीं हो रही है. बोरिंग सूख गए है और नर्मदा लाइन से पानी बहुत कम दबाव से दिया जा रहा है, जिससे सभी को पानी नहीं मिल रहा है.

### पानी की स्थिति बहुत भयावह : महेंद्र हार्डिया

शहर की 5 नंबर विधानसभा के बीजेपी विधायक महेंद्र हार्डिया ने भी नगर निगम के खिलाफ पानी को लेकर मोर्चा खोल दिया है. हार्डिया ने कहा कि मेरे क्षेत्र में सबसे ज्यादा पानी की परेशानी है. अधिकारियों के साथ पहली बैठक में ही बता दिया था कि पानी वितरण व्यवस्था ठीक कर लें, लेकिन समाधान नहीं किया गया. टंकियां पूरी नहीं भरा रही है और लोगों को पानी नहीं मिल रहा है. मैं नगर निगम की जल वितरण व्यवस्था का घोर विरोध करता हूं. साथ ही चौथे चरण में मेरी विधानसभा में 38 नई टंकियों में से भी एक टंकी नहीं दी गई. क्षेत्र में असमान पानी वितरण से स्थिति हद से पार हो चुकी है. निगम ने तत्काल व्यवस्था नहीं सुधारी तो स्थिति विस्फोटक होगी. इसका जिम्मेदार नगर निगम होगा.

# महापौर ने सुनीं वार्ड 42 की समस्याएं और मांगे सुझाव

▶ जल आपूर्ति, पेड़ों की छंटाई की शिकायत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज स्वच्छता अभियान को लेकर महापौर ने निगम के वार्ड 42 का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने निगम के सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों का जायजा लिया. साथ ही रहवासियों से वार्ड की समस्याएं और सुझाव मांगे.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को वार्ड क्रमांक 42 का स्वच्छता एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने तुलसी गार्डन, गुलमोहर एक्सटेंशन, पालीवाल नगर, साकेत क्षेत्र का अवलोकन कर रहवासियों से समस्याएं सुनीं और सुझाव मांगे.

निरीक्षण में महापौर भार्गव को पानी की सप्लाई कम प्रेशर से होने, पेड़ों की छंटाई और झाड़ियों की शिकायत की. साथ ही महापौर को रहवासियों ने एलएंडटी कंपनी की समस्या बताई. महापौर ने कहा कि कंपनी को वर्ष 2017 में कार्य सौंपा गया था, लेकिन प्रगति संतोषजनक नहीं रही. उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में महापौर बनने के बाद उन्होंने लगभग ढाई वर्षों में लंबित कार्यों को पूरा करवाया. इसी के चलते अपने नर्मदा के चौथे चरण का लेकर आए हैं जिसका काम 2029 तक पूरा हो जाएगा और आगामी 2040 तक शहर में पानी की आपूर्ति शत प्रतिशत हो सकेगी. महापौर ने नगर निगम जल, उद्यान विभाग के अधिकारियों ने रहवासियों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद मुद्रा शास्त्री, महापौर प्रतिनिधि विवेक सिन्हा, नगर निगम के झोन अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे.



### ▶ तुलसी गार्डन के विकास की घोषणा

रहवासियों ने क्षेत्र के तुलसी गार्डन में योग शेड, बच्चों के लिए झूले और ओपन जिम उपकरण लगाने की मांग की. महापौर ने गार्डन में पौधारोपण करने एवं बैठने की कुर्सियां व्यवस्थित करने के साथ बगीचे का समग्र विकास किया जाएगा. नगर निगम द्वारा एक रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण कराया जाएगा, जिससे गर्मियों में जल समस्या को कम करने में मदद मिलेगी.

# गोल्डन गर्ल सपना शर्मा को राष्ट्रीय खेल रत्न सम्मान



इंदौर. शहर की अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी एवं गोल्डन गर्ल सपना शर्मा को उनके अदम्य साहस, संघर्ष, आत्मविश्वास एवं खेल जगत में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 'राष्ट्रीय खेल रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया.

यह भव्य सम्मान समारोह 10 मई 2026 को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रष्ठिान के मार्स ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसका आयोजन स्वर्ण भारत परिवार ट्रस्ट एवं स्वर्ण भारत दिव्यांग बोर्ड द्वारा किया गया. समारोह में देशभर के 70 दिव्यांग पैरालंपिक खिलाड़ियों एवं खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया. सपना शर्मा को पैरा ताइक्वांडो, आर्म रेसलिंग एवं टेबल टेनिस में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीवी 24 नेटवर्क के फाउंडर डॉ. सतेन्द्र कुशवाहा उपस्थित रहे. इस अवसर पर एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, ब्रेनफ्रा आईएएस के संस्थापक डॉ. अतुल शाक्य, विभिन्न शिक्षाविद, समाजसेवी एवं गणमान्य अतिथि मौजूद रहे. स्वर्ण भारत परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट पीयूष पंडित ने कहा आपने यह सिद्ध किया है कि सीमाएं शरीर में नहीं, बल्कि सोच में होती हैं. आपका संघर्ष और आत्मविश्वास पूरे देश के लिए प्रेरणा है. सम्मान समारोह के दौरान सपना शर्मा को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई. सपना शर्मा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की प्रेरणा और जिम्मेदारी है. मेरा उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित करना है.

# सीबीएसई की कड़ी जांच के बाद भी सिंह इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

इंदौर. सीबीएसई बोर्ड की सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया के बावजूद सिंह इंस्टीट्यूट, इंदौर के विद्यार्थियों ने कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए.

संस्थान की छात्रा आरोही पटेल ने अकाउंटेंसी में 98 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की. वहीं अवनि सिंह ने साइकोलॉजी में 98 एवं इतिहास में 96 अंक प्राप्त किए. अमित सिंह ने अकाउंटेंसी में 96 तथा बिजनेस स्टडीज़ में 95 अंक अर्जित कर संस्थान का गौरव बढ़ाया. इसके अतिरिक्त गौतमी सिंह, राधा यादव, अगम सावले, आंचल यादव एवं शोभित राय सहित कई विद्यार्थियों ने भी विभिन्न विषयों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया. संस्थान के डायरेक्टर मानव सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास, व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं छोटे बैच विद्यार्थियों की सफलता का प्रमुख आधार हैं.







# सौर ऊर्जा में उत्कृष्ट कार्य पर पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी सम्मानित

**इंदौर.** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सौर ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया. यह सम्मान सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया. कंपनी ने प्रधानमंत्री की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रदेश में तेज़ी से कार्य करते हुए अब तक 48 हजार से अधिक घरों में सोलर पैनल स्थापित किए हैं. साथ ही उपभोक्ताओं को करीब 330 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित की जा चुकी है. राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कंपनी को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया. कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सौर ऊर्जा को प्राथमिकता देते हुए लगातार अभियान चलाया जा रहा है. उनकी ओर से यह सम्मान अधीक्षण यंत्री सीए ठकार ने ग्रहण किया ।इस अवसर पर मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक अमनबीर सिंह बैस भी उपस्थित रहे.

एक नजर में ▶ 15 दिवसीय हल्ला-गुल्ला बाल प्रशिक्षण शिविर का समापन

# बच्चों को आगे बढ़ने से नहीं रोकें अभिभावक

▶ बच्चों ने झांसी की रानी सहित 3 नाटकों की दी प्रभावी प्रस्तुति

**इंदौर. नाटक केवल अभिनय तक सीमित नहीं है. यह तमाम कलाओं का संगम है. इसमें बेहतर इंसान बनाने की क्षमता है और यह करियर के कई दरवाजे खोल रहा है.**



यह बात वरिष्ठ रंगकर्मी संदीप क्षोत्रिय ने 15 दिवसीय हल्ला गुल्ला बाल प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि बतौर कही. प्रवाजिका अमित प्राणा ( बड़ी माताजी ) ने अपने आशीवर्चन में बच्चों से कहा कि वे नाटकों के माध्यम से अपनी भावनाओं को और कल्पनाओं को अभिव्यक्ति दें. वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी सत्य नारायण व्यास ने कहा कि हल्ला गुल्ला का यह कारवां रुकना नहीं चाहिए. बच्चे स्वयं नाटक तैयार करें और उसकी प्रस्तुति भी दें. प्रवीण जोशी ने बताया कि विजय नगर स्थित शारदा रामकृष्ण विद्या मंदिर में आयोजित शिविर में 50 से अधिक बच्चों ने बीते 15 दिनों में अभिनय के साथ-साथ अनुशासन का पाठ भी सीखा. अंतिम दिन बच्चों ने मुख्य प्रशिक्षक तपन मुकर्जी, वरुण जोशी द्वारा तैयार 3 नाटकों झांसी की रानी, एक दिन एक वन में और ओंकारेश्वर का मंचन किया गया. अतिथि स्वागत शिविर समन्वयक श्वेता शर्मा और शिल्पा सिंघल ने किया. कार्यक्रम का संचालन रचिता जैन ने किया. आभार माना सीमा व्यास ने. कार्यक्रम में रंगकर्मी सुशील गोयल, डॉ. दिलीप वाघेला, अंजुश्री मुकर्जी, तन्मय, सुधीर पोतदार, मिताली शोवाकर, निलेश पटेल सहित बड़ी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक् मौजूद थे.

### ▶ छोटे नाटकों की दमदार प्रस्तुति

प्रशिक्षक सीमा व्यास ने बताया कि बच्चों ने पॉकेट थियेटर के रूप में विकसित हो रहे छोटे नाटकों की भी दमदार प्रस्तुति दी. डॉ. परशुराम तिवारी ने संस्था हल्ला गुल्ला की विकास यात्रा को विस्तार से बताया और इसमें सहयोग देनेवालों के प्रति आभार जताया. प्रशिक्षक तपन मुखर्जी ने अपने अनुभव शेयर किये. इस मौके पर अतिथियो द्वारा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं रंगकर्मी शकील अख्तर की लिखी पुस्तक की प्रति वितरित की गई.